महत्वपूर्ण एवं खास

अंडर-23 क्रिकेट का ट्रायल संपन्न, काफी संख्या में खिलाड़ी हुए शामिल

न्याय साक्षी/रायगढ़। बीसीसीआई के आदेश पर व सीएससीएस के निर्देश पर जिला क्रिकेट संघ के द्वारा अंडर-23 के टीम के चयन हेतु जिला स्तर पर रविवार को ट्रायल स्थानीय बोईरदादर स्टेडियम में संपन्न हुआ। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि अंडर-23 के ट्रायल हेतु चयनकर्ता पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी पंकज बोहिदार व विश्वविद्यालयीन खिलाड़ी जफर उल्लाह सिद्दीकी के मार्गदर्शन में खिलाडियों ने अपने बल्लेबाजी व गेंदबाजी का प्रदर्शन किया, जिस आधार पर टीम का चयन किया गया।

विधायक ने गले में लटकाया मृदंग, बजाया मंजीरा

अष्टप्रहरी यज्ञ में कीर्तन मंडलियों के साथ खूब झूमे प्रकाश नायक

न्याय साक्षी/रायगढ़। इन दिनों गांव-गांव में अष्टप्रहरी रामनाम यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भजन मंडलियां रामनाम का जप करते हुए कीर्तन कर रही हैं। इन कार्यक्रमों में रायगढ़ के युवा विधायक प्रकाश नायक भी शामिल होकर ग्रामीणों के साथ भजन-कीर्तन कर रहे हैं। पिछले दिनों विधायक नायक ने सरिया क्षेत्र के लिप्ती, सलोला, डूमरमुड़ा, छेवारीपाली आदि गांवों का दौरा किया और अष्टप्रहरी नामयज्ञ में शामिल होकर अंचल की खुशहाली की कामना की।

टीएल बैठक आज

न्याय साक्षी/रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय सीमा (टीएल) बैठक 30 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। सर्वसंबंधित विभागीय अधिकारी बैठक में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

एक मई से स्कूल संचालन बंद

न्याय साक्षी/रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार ने भीषण गर्मी को देखते सभी स्कूलों के प्राचार्यो को 1 मई से 15 जून तक स्कूल का संचालन बंद करने हेतु निर्देशित किया है। उक्त अवधि के दौरान शिक्षकों का अवकाश रहेगा, किन्तु शिक्षक बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। आगामी दिवस शिक्षकों को स्कूल में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया जाएगा।

छात्रा पर एसिड फेंकने पर 10 साल की कैद

विशेष न्यायाधीश विजय कुमार होता की अदालत ने सुनाया फैसला

न्याय साक्षी/रायगढ़। अदालत ने एक युवती पर एसिड फेंकने वाले एक युवक को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। सोमवार को फैसला सुनाते हुये विशेष न्यायाधिश विजय कुमार होता ने आरोपी युवक लिलाधर निषाद को 10 साल का सश्रम कारावास व 5 हजार का जुर्माना लगाया। आरोपी ने ग्राम जतरी के पास रोड़ में 6 जुलाई 2018 को छात्रा के ऊपर एसिड फेंक दिया था। घटना दिनांक को छात्रा अपने स्कूल जतरी स्कूल गई हुई थी जहां से वह अपने गांव

शंकरपाली वापस लौट रही थी तो रास्ते में उसकी सायकल की चैन उतर गई जिसे वह ठीक करने लगी तभी मोटर सायकल में एक अन्य युवक के साथ लिलाधर वहां पहुंचा और उसने ज्वलनशील द्रव्य उसके चेहरे व हाथ पर फेंक दिया जिससे युवती का चेहरा व हाथ की उंगलिया काली पड़ गयी तथा जलन होने लगी। जिसकी जानकारी उनसे अपने परिजनों को दी जिसके बाद उसे जतरी अस्पताल ले गये जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायगढ़ अस्पताल रिफर कर दिया गया। विद्वान न्यायाधीश ने मामले में दोष सिध्द पाया ओर विद्रूपण का अपराध कारित करना पाये जाने पर दस साल के सश्रम कारावास व पांच हजार के अर्थदंड की सजा से दंडित किया इसके साथ ही युवती को क्षति पुर्ति के रुप में डेढ़ लाख रुपये शासन से दिये जाने का आदेश भी पारित किया गया मामले में विशेष लोक अभियोजक ए.के.श्रीवास्तव ने पैरवी की ।

लोहे के कत्ता के साथ युवक गिरफ्तार, आरोपी पर हुई आर्म्स एक्ट की कार्यवाही

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना चक्रधरनगर में किसी व्यक्ति द्वारा मोबाईल से सूचना दिया कि ग्राम तिलगा का शशि उर्फ शब्यसाची लोहे का कत्ता लेकर घूम रहा है तथा सड़क में आने जाने वालों को डरा धमका रहा है । सूचना पर थाना चक्रधरनगर में पदस्थ उप निरीक्षक एम. डी. जायसवाल हमराह आरक्षक सुशील यादव के साथ ग्राम तिलगा जाकर शशि उर्फ शब्यसाची स/श बसंत बेहरा उम्र 40 वर्ष को हिरासत में लेकर थाना लाये आरोपी से एक लोहे का कत्ता हथियार को जप्त किया

गया है, आरोपी के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में अप.क्र. 126/19 धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है ।

कन्या भवन का निर्माण ही स्व. धनानिया के लिए होगी असली श्रद्धांजलि - रामदास

न्याय साक्षी/रायगढ़। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय मंत्री तथा रामदास द्रौपदी फॉउन्डेशन के संरक्षक रामदास अग्रवाल सारंगढ़ के अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष महेश धनानिया के शोक सभा में शामिल हुए। शोक सभा समाप्त होने के पश्चात् उन्होने सारंगढ़ के अग्रवाल सभा और अग्रसेन सेवा संघ के संरक्षण में बनाया जाने वाला कन्या विवाह भवन के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि दिवंगत स्व. श्री धनानिया का अग्रसेन कन्या विवाह भवन सारंगढ़ के निर्माण के लिए मार्ग प्रशस्त कराने में अहम भूमिका रही और पूरी तन्मयता से लगकर भवन निर्माण के मार्ग को प्रशस्त कराया था। इसलिए मेरा मानना है कि अग्रसेन कन्या विवाह भवन सारंगढ़ का यथा संभव सभी प्रकार के प्रयास करके भवन निर्माण के कार्य में प्रगति लाया जाय ताकि भवन के कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराया जा सके। यही उनको दी जाने वाली असली श्रद्धांज्लि होगी। दिवंगत स्व. श्री धनानिया अपने

जीवन काल में दोनों आंखों का दान दिया था, जिससे आज दो लोगों को दुनियां देखने का अवसर मिल पाया। इन्हीं कारणों से मैं कहना चाहूंगा कि वे परोपकार पर विश्वास करने वाले व्यक्ति थे तथा जिससे समाज का भला हो वैसे कार्यों में रूचि लेने वाले व्यक्ति थे। इसलिए उनके विचारों का सम्मान करना हम सभी लोगों का दायित्व है।

लैलूंगा के बनेकेला ग्राम की भागवत कथा विधायक चक्रधर सिंह हुए शामिल

न्याय साक्षी/रायगढ़। धर्म नगरी लैलूंगा के ग्रमीण अंचलो में धर्मप्रति लोगो की आस्था बढ़ रही है ग्राम पंचायत बनेकेला में विगत 5 दिनों से निरंतर भागवत कथा चल रही है जिसमे धर्म प्रेमी ग्रामीण जन भागवत गीता रसपान कर अभिभूत हो रहे हैं ऐसे धार्मिक कार्यक्रम का निमंत्रण धर्म प्रेमी विधायक चक्रधर सिंह को भी मिला था विधायक जी भी अभी संपन्न लोकसभा चुनाव में तूफानी दौरा करने के उपरांत कथा के माध्यम से फिर अपनी जनता से जन संपर्क करने के लिए पहुंच गए जब ग्रामीणों ने अपने बीच अपने लोकप्रिय विधायक को पाया तो उनकी खुशी और बढ़ गई और सभी ने विधायक के सानिध्य में बैठकर कथा का श्रवण किया कथा श्रवण करने के

उपरांत विधायक जी के द्वारा कथा वेदी पर पुष्प चढ़ाकर प्रसाद ग्रहण किया और आचार्य जी से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए जनता का अभिवादन स्वीकार किया।

विधानसभा अध्यक्ष सपत्नीक पंहुचे जगदीश मेहर के निवास पर

» जगन्नाथ धाम की यात्रा पर हैं महंत दम्पति

न्याय साक्षी/रायगढ़। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत सोमवार सुबह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जगदीश मेहर के नया गंज स्थित निवास पंहुचे व मेहर परिवार का आतिथ्य स्वीकार किया। इस मौके पर डॉ. महंत के साथ उनकी धर्मपत्नी व कोरबा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत व इकलौते सुपुत्र सूरज महंत भी मौजूद दिखे । जगदीश मेहर द्वारा सपरिवार महंत दम्पति का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। करीब एक घंटे तक पारिवारिक माहौल के बीच जगदीश मेहर के घर के सभी सदस्यों से

मेल - मुलाकात के बाद विधानसभा अध्यक्ष सपरिवार भगवान जगन्नाथ के दर्शनों की कामना लिये ओडिशा के पुरी के लिये रवाना हो गये। इससे पहले 29 अप्रैल को जगन्नाथ धाम की यात्रा के लिये अपने गृहग्राम सारागांव से निकलते हुये रायगढ़ की यात्रा के दौरान महंत दम्पति ने चंद्रपुर मे ठहराव लेकर देवी चंद्रहासिनी की पूजा अर्चना की। रायगढ़ मे अपने अभिन्न जगदीश मेहर के निवास पर सपरिवार दस्तक देकर डॉ. चरणदास महंत ने जितना मेहर परिवार को चौंकाया उतना ही जगदीश मेहर के भावपूर्ण स्वागत से पूरी महंत फेमिली गदगद भी दिखी। मेहर निवास पंहुचकर डॉ. महंत ने सर्वप्रथम आध्यात्मिक संस्था दिव्य जीवन संघ के मेहर निवास स्थित जिला कार्यालय मे दीप प्रज्वलित कर विश्व कल्याण की कामना की। चौंकाने वाली बात यह रही कि छत्तीसगढ़ के सबसे कद्दावर राजनेता के नगर मे पंहुचनें और मेहर परिवार से सरप्राइज मुलाकात की भनक शहर मे महंत समर्थकों को नहीं लग सकी। हालांकि सारागांव से लेकर रायगढ के बीच कुछ स्थानों पर डॉ. महंत के शुभचिन्तकों द्वारा मार्ग रोककर महंत दम्पति के प्रति अपना लगाव प्रकट किया गया, लेकिन जिला मुख्यालय मे करीब दो घंटे के प्रवास के दौरान डॉ. चरणदास महंत व उनकी अर्द्धांगिनी श्रीमती ज्योत्सना महंत घरेलू मेलजोल के साथ मेहर निवास तक ही सीमित दिखे।यात्रा के दौरान डॉ. महंत के साथ कांग्रेसी नेता विष्णु तिवारी व गोपाल थवाईत भी साथ रहे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं ग्रवीनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480